वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 66 | रविवार 30 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## राज्य स्तरीय "मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव": हजारों युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

# मुख्यमंत्री ने दी सरकारी नौकरियों की सौगात

**राज्य सरकार युवाओं को उपलब्ध करा रही सरकारी नौकरी के सुनहरे अवसर, युवाओं के हितों पर कुठाराघात नहीं होगा बर्दाश्तः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा**

जयपुर. शाबाश इंडिया

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित एवं उत्कृष्ट राजस्थान बनाने में युवा शक्ति की अहम भूमिका होगी। राजकीय सेवाओं में युवाओं को प्रदेश व समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करने एवं सकारात्मक परिवर्तन लाने का अवसर प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के युवाओं की उम्मीदों पर खरा उतर रही है और उन्हें सरकारी नौकरियों के सुनहरे अवसर भी प्रदान कर रही है। शर्मा शनिवार को जयपुर के मानसरोवर स्थित टैगोर इंटरनेशनल स्कूल ऑडिटोरियम में प्रथम बार आयोजित हो रहे राज्य स्तरीय ह्यमुख्यमंत्री रोजगार उत्सवह्ण समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने नवनियुक्त राज्य कार्मिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान कर उत्कृष्ट राज्यकार्य के लिए प्रेरित किया। साथ ही, सभी जिला मुख्यालयों से जुड़े नवनियुक्त कार्मिकों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संवाद भी किया। कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जिलों से 20 हजार से अधिक नवनियुक्त अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा को जब नौकरी मिलती है तो पूरे परिवार को आत्मबल की अनुभूति होती है। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से प्रेरणा लेते हुए प्रदेश में नियमित रूप से ''मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव'' आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने के संकल्प पत्र के वादे को पूरा करने के लिए पारदर्शी एवं समयबद्ध भर्ती परीक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित कर रही है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के साथ ही खेल प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके लिए संभाग स्तर पर खेल सुविधाएं विकसित हो रही हैं ताकि मिशन ओलंपिक के लिए युवाओं को प्रतिस्पर्धी माहौल और उच्च स्तरीय प्रशिक्षण एवं संसाधन उपलब्ध हो सकें।

### इस वर्ष होंगी सरकारी नौकरियों में 70 हजार पदों पर भर्तियां

शर्मा ने कहा कि युवाओं को रोजगार के बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए विभागों में रिक्त पदों एवं सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त पदों की कलेण्डर बनाकर भर्तियां आयोजित की जाएंगी। इस वर्ष विभिन्न राजकीय सेवाओं के 70 हजार पदों पर भर्तियां की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा अब तक 16 हजार 641 पदों पर नियुक्ति, 58 हजार पदों के लिए विज्ञापन जारी, 11 हजार 500 पदों के लिए परीक्षा आयोजित एवं 5 हजार 500 पदों की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शर्मा ने राजकीय सेवाओं में नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद भी किया। प्रशिक्षु आरएएस अधिकारी आकांक्षा दुबे ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशासन का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस हो रहा है। राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड में कनिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी के पद पर नवनियुक्त कार्मिक ललित कुमार, हरीश परिहार ने कहा कि राज्य सरकार ने 6 माह में भर्ती प्रक्रिया पूरी कर नियुक्ति प्रदान की है, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हैं। नीमकाथाना जिले से वरिष्ठ उपाध्याय (प्राध्यापक) उदय शर्मा ने शीघ्र नियुक्ति देने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। उन्होंने कहा कि रीट पेपर लीक का दंश वह झेल चुके हैं इसलिए सरकार द्वारा पेपर लीक के दोषियों के खिलाफ की जा रही कार्रवाई सराहनीय है। जोधपुर से शिक्षा विभाग में व्याख्याता ओमाराम ने कहा कि वह किसान परिवार से आते हैं। उनका सरकारी नौकरी लगने का सपना पूरा हुआ है। इस नौकरी के जरिए वह शिक्षा का उजियारा फैलाएंगे। बालोतरा जिले में शिक्षा विभाग में तृतीय श्रेणी (लेवल वन) अध्यापक पूनम ने कहा कि वह विधवा हैं। समय से नियुक्ति मिलने पर उन्हें और उनके परिवार को संबल मिला है। साथ ही, उन्होंने महिलाओं के लिए तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। राजस्थान पुलिस सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी हेमंत सिंह शेखावत ने आभार जताते हुए कहा कि राज्य सरकार की संवेदनशीलता से उन्हें आचार संहिता में नियुक्ति मिली है। उन्होंने कहा कि वह भारतीय सेना में रहकर देश की सेवा कर चुके हैं और अब राजस्थान पुलिस सेवा का अभिन्न हिस्सा बनकर उन्हें राज्य सेवा का अवसर मिला है।




## पेपर लीक दोषियों के खिलाफ हो रही सख्त कार्रवाई


शर्मा ने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में फर्जीवाड़ा करने वाले सावधान रहें, क्योंकि प्रदेश में सरकार बदल गई है और युवाओं के हितों पर कुठाराघात करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने सरकार का गठन होते ही पेपरलीक मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी का गठन किया और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए आईटी आधारित नवाचार को अपनाया जाएगा। रोग एवं उपचार की समस्त जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हो सकेगी, जिससे रोगी और चिकित्सक को पेशेंट हिस्ट्री सुलभता से उपलब्ध होगी।

## राज्य सरकार रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कृतसंकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में युवाओं के लिए बेहतर रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए कृतसंकल्पित है। इस दिशा में प्रदेश में जेम्स एवं ज्वेलरी पार्क, भीलवाड़ा में टेक्सटाइल पार्क, इंडस्ट्रियल कॉरिडोर तथा हैंडीक्राफ्ट पार्क स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पर्यटन, निर्माण, सेवा, एमएसएमई, कृषि, गैर-परंपरागत ऊर्जा में निवेश एवं ढांचागत सुधारों के जरिये प्रत्यक्ष एवं परोक्ष रूप से रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। साथ ही, स्किल डवलपमेंट के माध्यम से युवाओं में कौशल संवर्द्धन किया जाएगा।

# मोबाइल को मत छोड़ो, पर कम से कम भगवान और गुरु जी के सामने तो मोबाइल का प्रयोग मत करो : आचार्य 108 प्रसन्न सागर जी





**हैदराबाद. शाबाश इंडिया**

शुक्ल लेश्या अर्थात निर्मल परिणाम स्फटिक की भाँति पदम लेश्या वाला व्यक्ति सदा त्याग की भावना रखता है। धर्म, मंदिर और गुरु की ओर उसकी दृष्टि रहती है। शुक्त लेश्या मोक्ष का मार्ग खोलती है। आगापुरा स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर स्थानीय और दूर-दूर से पधारे श्रद्धालुओं को धर्म का अवण कराते हुए अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज ने कहा कि जब तक पर नजर है तब तक जिंदगी में परेशानियां ही परेशानियां आएंगी। जिस दिन नजर पर से हटकर स्व की ओर आ जाएगी उस दिन परेशानियां खत्म हो जाएंगी। मैं जानता हूं कि आप पाप सर्वधा नहीं छोड़ सकते परंतु कम से कम धर्म स्थलों पर तो पाप मत करो। मोबाइल को मत छोड़ो, पर कम से कम भगवान और महाराज जी के सामने तो मोबाइल का प्रयोग मत करो। आगापुरा स्थित श्री चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन देते पूज्य आचार्य 108 प्रसन्न सागरजी म.सा. साथ में उपाध्याय मुनि श्री 108 पीयूष सागरजी, प्रवर्तक मुनि श्री 108 डॉ. सहज सागरजी महाराज व धर्म। धर्मात्मा दिखने की नहीं, बनने की कोशिश करो। जब तक देव शास्व गुरु से अटैचमेंट नहीं है तब तक तुम्हारा कल्याण नहीं हो सकता। तपाचार्य प्रसन्न सागरजी महाराज ने अशुभ लेश्याओं के वर्णन के बाद अब शुभ लेश्याओं का वर्णन करते हुए कहा कि जो व्यक्ति पीत लेश्या के परिणामों से अपने मन को पवित्र कर आत्मोत्थान की ओर अग्रसर होता है वह क्रमशः पीत से पद लेश्या और शुक्ल लेश्या का अवलंबन लेता है। उपाध्याय मुनि श्री 108 पीयूष सागरजी महाराज ने कहा कि जीवन का आनंद निस्वार्थ भावना में ही है। हम बाहरी दुनिया में इतना उलझ गए हैं कि अपनों को और खुद को हो भूल गए हैं। बाहरी भौतिक सामग्री पर नजर मत डाली। अपने विचारों पर नजर रखो। परिणाम अच्छे होंगे। प्रभावी वक्ता प्रवर्तक मुनि श्री 108 डॉ. सहज सागरजी महाराज ने कहा कि नरक में तीन अशुभ लेश्याएं होती हैं। एक इंद्रीय से पंचेन्द्रीय और असंज्ञी तक अशुभ लेश्या होती है। शुभ लेश्या स्वर्ग और भीव भूमि में होती है। मुनि श्री 108 नव पदम सागरजी महाराज ने कहा कि बदला लेने की नहीं बल्कि अपने को बदलने की भावना रखो। अपनी पूजा की गाह मत करो अपितु दूसरों का सम्मान करो। गुरु से जुड़े रहो। क्षुल्लक श्री 105 नैगम सागरजी ने कहा कि जीवन में भेद विज्ञान अति आवश्यक है। अंधेरी रात है साया तो हो नहीं सकता। यह कौन है जो मेरे साथ चल रहा है। आत्मा साथ चल रही है पर आपको उसका एहसास नहीं है। देह अलग है आत्मा अलग है उसे पहचानते। मंत्री राजेश पाटनी ने कहा कि परिणाम के खेल प्रवचन माला का आज अंतिम दिन था। 29 जून से आध्यात्मिक ज्ञान ध्यान शिक्षण संस्कार शिविर का महत्वपूर्ण आयोजन प्रारंभ होगा। इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या उपस्थित होने का निवेदन उन्होंने किया।

## संघर्ष समिति अध्यक्ष मनोज सोनी की अध्यक्षता में हुआ पौधारोपण



**रावतसर. शाबाश इंडिया**

आज रावतसर में संघर्ष समिति के अध्यक्ष मनोज सोनी की अध्यक्षता में पोस्ट ऑफिस में पौधारोपण किया गया। मनोज सोनी ने बताया की इस वर्ष हमने 300 पौधे लगाने का संकल्प लिया है जिसे पुरा कर रहे हैं और समिति द्वारा विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कार्यक्रम कर रहे है अभी आगे मौसम में परिवर्तन होगा बारिश भी शुरू हो जायेगी जिसमे हमारे क्षेत्र में अन्य संस्थाओं और संगठनों से हम पौधारोपण में सहयोग लेंगे और सभी से पौधे लगाने की अपिल करेंगे जिससे बहुत अच्छे तरीके से वृक्षारोपण अभियान को मजबूती मिलेगी, आज कार्यक्रम में ह्यूमन राइट्स अध्यक्ष जगदीप सिंह, ललित शर्मा, सीताराम सोनी, बाबूलाल धानुक, बिटू वर्मा, जाहिर खान, पोस्ट ऑफिस से पोस्ट मास्टर गोविंदराम शर्मा व स्टाफ अमित शर्मा, राकेश कुमार, अमन कुमार, भगवाना राम, ओम प्रकाश गोस्वामी आदि मौजूद रहे, सभी आएं हुए व्यक्तियों ने ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाने और देखभाल करने का दायित्व लिया।



## अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन ने जैन को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए किया सम्मानित



राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया

इंदौर। स्टेट प्रेस क्लब द्वारा जाल सभागृह में आयोजित भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सगठन सम्मान समारोह में पत्रकारिता क्षेत्र में समाज सेवा के क्षेत्र में एवं मानव अधिकारों के श्रेष्ठत्तम कार्यों के लिए कार्य करने वालों श्रेष्ठिजनो को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में पत्रकारिता जगत में विगत 23 वर्षों से व सामाजिक धार्मिक कार्यों में अपनी महती भूमिका निभाने वाले महावीर जैन को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानव अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुदेश गुप्ता, स्टेट प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रवीण जी खारीवाल ,प्रसिध्द उद्योगपति रवि चावला, विनोद श्रीवास्तव, आकाश चौकसे उपस्थित थे। महावीर जैन के सम्मानित होने पर दिगंबर जैन समाज के नरेंद्र वेद डॉ जैनेन्द्र जैन डीके जैन जेनेश झांझरी राजेश जैन दद्दू मयंक जैन मनीष अजमेरा नकूल पाटोदी आदि समाज जन एवं शहर के वरिष्ठ पत्रकारों ने अपनी बधाई प्रेषित की एवं उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की।

## अनिल चौधरी बने चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नलिस्ट यूनियन के प्रधान सुरजीत स्वामी सचिव चुने गए



रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया

ऐलनाबाद। चंडीगढ़ एंड हरियाणा जर्नीलिस्ट यूनियन की शनिवार को आवश्यक बैठक यूनियन के संरक्षक रमेश भार्गव संयोजक नरेश सरदाना की अध्यक्षता में हुई बैठक में पत्रकार की समाजिक भूमिका व योगदान कर्तव्यों को लेकर चर्चा हुई साथ हीं संगठन की कार्यकरणी बनाई गयी जिसमे ई समाचार के निदेशक अनिल चौधरी को प्रधान सुरजीत स्वामी को सर्वसहमति से सचिव चुना गया। दीपक शिला को उपप्रधान की जिम्मेदारी दी गयी। राजबीर को कोषाध्यक्ष, बंसी ब्यावत को प्रवक्ता बनाया गया । नई कार्यकारीणी बनने पर यूनियन के सभी पदाधिकारियों व सदस्यों ने एक दूसरे को शुभकामनायें दी साथ ही नवचयनित पदाधिकारियों ने सकरात्मक ऊर्जा के साथ सामजिक कर्तव्यों के निर्वहन करने की शपथ ली । बैठक में दो नये सदस्य रमनदीप सुथार, रिंकू रखरा को हरियाणा चंडीगढ़ जर्नलिस्ट यूनियन में शामिल किया गया । इस मौके पर नरेश सरदाना, रमेश भार्गव,अनिल चौधरी, सुरजीत स्वामी,महेंद्र पारीक, एलडी स्वामी,दीपक सीला, शिवराज किराड़, रिंकू रखरा , बंसी ब्यावत, रमनदीप सुथार मौजूद रहे।






## वेद ज्ञान

### अहंकार सबसे बड़ी अज्ञानता

अहंकार मनुष्य की सबसे बड़ी मूर्खता और अज्ञानता है। अहंकार ईश्वर के राज्य में रहने की सबसे बड़ी अयोग्यता है। अहंकार मनुष्य की सबसे बड़ी मूर्खता और अज्ञानता है। परमात्मा से दूर होना ही अहंकार का वरण करना है। जो परमात्मा के निकट है, उसे सारी सृष्टि में उसके सर्वव्यापक रूप के दर्शन होते हैं। परमात्मा के निकट जाकर ही जाना जाता है कि वही संसार का वास्तविक स्वामी है। सारे ब्रह्मांड में उसी की सत्ता स्थापित है। उसके आदेश और इच्छा से ही संसार में सब कुछ घटित हो रहा है। संसार का कोई भी जीव, निर्जीव उसकी सत्ता और अधीनता से बाहर नहीं है। सुख, दुख, मान, अपमान, हर्ष और शोक सब कुछ वही दे रहा है। संसार में बहुत से लोग एक ही दिशा में प्रयासरत होते हैं, किंतु कुछ लोग सफलता पा लेते हैं और कुछ असफल हो जाते हैं। ऐसा भी होता है कि बहुत से योग्य दिखने वाले लोग वह ध्येय नहीं अर्जित कर पाते, जिसे कम योग्य दिखने वाले लोग पा लेते हैं। कुछ लोग थोड़े से परिश्रम से ही सफल हो जाते हैं और वहीं अन्य भटकते रहते हैं। अयोग्य सुख भोगते दिखते हैं और योग्य कष्टों में पड़े हुए हैं। ऐसा इसलिए लगता है कि हम वह दृष्टि नहीं धारण कर सकते जिस दृष्टि से परमात्मा देख और समझ रहा है। उसके पास मनुष्य के न जाने कितने जन्मों का लेखा-जोखा है। वह अंतर्यामी है और किसी के भी मन और मस्तिष्क को जान रहा है, जबकि हमें वही दिख रहा है जो बाहर है और जहां तक हमारी दृष्टि जा रही है। मनुष्य की सोच और दृष्टि की सीमाएं हैं। जब मनुष्य अपनी क्षुद्रता और सीमा को समझ जाता है तो परमात्मा की महानता प्रकट होने लगती है। ईश्वर ने यदि कुछ दिया है तो इसके लिए मन में आभार हो। ईश्वर से अधिक निकटता की कामना जन्म ले। अधिक गुण धारण करने की प्रेरणा बलवती हो। ऐसा तभी संभव है जब मन में विश्वास हो कि जो कुछ मिला है, वह परमात्मा की कृपा के कारण अन्यथा उस जैसे दीन व्यक्ति तो संसार में करोड़ों हैं। परमात्मा स्वयं निर्विकार, दयालु और कृपालु है। ऐसे ही गुण उसे प्रिय हैं। परमात्मा इतना दयावान है कि मनुष्य के जन्मों, जन्मों के पापों को एक पल में क्षमा कर उबार लेता है। परमात्मा के राज्य में रहना सीखना ही वास्तविक धर्म है।

## संपादकीय

# तकनीकी से निर्माण में आई तेजी लेकिन सवाल बहुत...

भवन, पुल, सड़कों आदि के निर्माण में तकनीकी उपयोग से तेजी तो आई है, ढांचे मनोहारी बनने लगे हैं, मगर उनकी मजबूती और टिकाऊपन को लेकर अक्सर सवाल उठते रहते हैं। अब शायद ही कोई वर्ष बीतता हो, जब बरसात में पुलों, सड़कों, नवनिर्मित भवनों के धंसने, ढहने की खबरें न आती हों। ताजी घटना दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के टर्मिनल-एक की है, जहां गाड़ियों के ठहराव वाली जगह की छत ढह गई, जिसमें कई गाड़ियों को नुकसान पहुंचा, एक व्यक्ति की मौत हो गई और कई घायल हो गए। बताया जा रहा है कि बारिश की वजह से छत बैठ गई। यह तो इस मौसम की पहली बारिश थी, अभी पूरा मौसम बाकी है, इसलिए हवाई अड्डे की दूसरी छतों को लेकर भी लोगों में आशंका पैदा होना स्वाभाविक है।



दरअसल, हवाई अड्डे की छत लोहे के खंभे खड़े कर सिंथेटिक और लोहे की पतली चादरों से बनाई गई है। इस तरह जगह तो काफी खुली हो गई है और सुंदर भी दिखती है, मगर इसके टिकाऊपन को लेकर कोई दावा करना मुश्किल है। यह कोई पहली इमारत नहीं है, जिसमें इस निर्माण कला का उपयोग किया गया है। अब बहुत सारी सार्वजनिक जगहों पर जल्दी काम पूरा करने के मकसद से यही तकनीक इस्तेमाल होने लगी है। दरअसल, भवन निर्माण में कांच, लोहे, सिंथेटिक चादरों वगैरह का इस्तेमाल काफी तेजी से बढ़ा है। इस तरह इमारतें जल्दी तैयार हो जाती हैं, मगर न तो यह भारतीय प्रकृति के अनुकूल है और न इन्हें लंबे समय तक टिकाऊ माना जा सकता है। लोहे के खंभों को नट-बोल्ट से जोड़ कर बनाए गए ढांचे की समय-समय पर मरम्मत जरूरी होती है, जिसका प्रायः अभाव देखा जाता है। बहुत सारी इमारतें, सड़कें और पुल सरकार के दबाव में जल्दी तैयार कर दिए जाते हैं, इस वजह से भी इमारतें जोखिम भरी साबित होती हैं। दिल्ली हवाई अड्डे पर हुई घटना के कुछ घंटे पहले मध्यप्रदेश के जबलपुर में भी हवाई टर्मिनल की नई इमारत की छत का एक हिस्सा बारिश की वजह से एक गाड़ी पर गिर गया। बारिश शुरू होते ही बिहार में कई पुल ढह गए। पिछले कई वर्षों से मध्यप्रदेश, बिहार आदि में पुलों के बाढ़ में बह जाने, सड़कों के धंस या बह जाने की खबरें आती रही हैं। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, जब इमारतें जल्दी तैयार करने की हड़बड़ी में उनकी जल निकासी, छतों की मजबूती आदि पर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया और बरसात शुरू होते ही उनकी पोल खुल गई। यह समझना मुश्किल है कि तकनीकी इस्तेमाल से जहां निर्माण कार्यों में मजबूती आनी चाहिए, वे इतने भुरभुरे क्यों साबित हो रहे हैं कि बारिश का हल्का दबाव भी झेल नहीं पा रहे। इसकी एक वजह तो साफ है कि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार के कारण निर्माण सामग्री की गुणवत्ता से समझौता किया जाता है। मगर यह सब ऐसी व्यवस्था में बढ़ रहा है, जो भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त न करने के दावे करती है।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# दिल्ली की बारिश

मानसून में बारिश एक स्वाभाविक चक्र है, लेकिन शहरों-महानगरों के लिए अब इसे एक तकलीफदेह दौर के रूप में जाना जाने लगा है। शुक्रवार को राजधानी दिल्ली में हुई बरसात के बाद जैसे हालात पैदा हुए, वह जितना बारिश का नतीजा है, उससे ज्यादा इसके लिए सरकार और समूची व्यवस्था की लापरवाही, अदूरदर्शिता और कुप्रबंधन जिम्मेवार है। कुछ घंटों की बारिश के बाद दिल्ली के ज्यादातर इलाकों में जिस तरह व्यापक जलजमाव देखा गया, सड़कों पर पानी भर गया, बस और कार जैसे वाहन उसमें फंस गए, यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ, वह कोई नई घटना नहीं है। जब भी यहां कुछ घंटे ज्यादा बारिश होती है, तो उसके बाद समूचा जनजीवन लगभग ठप्प हो जाता है। हालत यह है कि दिल्ली के केंद्रीय इलाकों में भी पानी भर जाता है और लोगों के सामने कई तरह की मुश्किलें पैदा होती हैं। सवाल है कि क्या इससे उपजी अव्यवस्था के लिए केवल बरसात को बहाना बनाया जा सकता है। आखिर हर वर्ष ऐसी स्थिति पैदा होने के बावजूद इससे सबक क्यों नहीं लिया जाता और बरसात के पहले ही ऐसे इंतजाम क्यों नहीं किए जाते कि सड़कों या मुहल्लों में जलजमाव न हो? यह उम्मीद की जाती है कि देश की राजधानी होने के नाते बाकी जगहों के मुकाबले दिल्ली में सरकारी तंत्र और प्रशासन के स्तर पर ऐसी चौकसी होगी कि मौसम या किसी भी वजह से उपजी अव्यवस्था से तत्काल निपटने के ठोस इंतजाम होंगे। मगर सामान्य बारिश में भी दिल्ली के कई इलाकों के सड़कों-मुहल्लों में नालियां और बड़े नाले जाम हो जाते हैं। नतीजतन, समूचा पानी सड़क पर बहता देखा जाता है। संबंधित सरकारी महकमे समय रहते पानी की निकासी के लिए एक बेहतर तंत्र को सक्रिय करने को लेकर शायद ही कभी गंभीर दिखते हैं। आम लोगों के स्तर पर भी लापरवाही



बरती जाती है, जब लोग अपने घर से कचरा निकालते हैं और सड़क किनारे नालियों या नालों में डाल देते हैं। इसकी वजह से जाम होने वाली नालियां मुख्य सड़कों तक पर व्यापक जलजमाव का कारण बनती हैं। सिर्फ पानी की निकासी की व्यवस्था को ही पूरी तरह दुरुस्त बना कर इस समस्या पर लगभग काबू पाया जा सकता है। विडंबना यह है कि सरकारी तंत्र की नींद तब तक नहीं खुलती, जब तक घनघोर अव्यवस्था न फैल जाए!

# समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति जीवन को सार्थक बना सकता है : साध्वी विश्ववंदना



सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा। समय का सदुपयोग करने वाला व्यक्ति जीवन को सार्थक बना सकता है । शनिवार को शास्त्री नगर अहिंसा भवन मे साध्वी विश्ववंदना ने आयोजित धर्मसभा में श्रध्दालुओं को धर्म उपदेश प्रदान करतें हुए कहा कि संसार में समय का महत्वपूर्ण होता है। इसीलिए हर एक व्यक्ति को समय का सही सदुपयोग करना चाहिए। क्योंकि समय एक ऐसा पल होता है जो दोबारा लौट कर कभी नहीं आता है। इसे व्यर्थ मे नहीं गवाएंगे तभी हम मानव भव को सफल बनाकर संसार के समस्त दुखों से अपनी आत्मा को मुक्ति दिलवा कर जन्म मरण के फेरों से आत्मा को बचाकर मोक्षगति प्राप्त कर सकते है। साध्वी परमेष्ठी वंदना ने कहा की मोह-माया और भौतिक सुखों के दलदल मे जो मनुष्य संलग्न रहेगा वह.दुखों मे गिरा रहेगा और सुख नहीं भोग सकता है जीवन को सार्थक और उद्देश्यपूर्ण बनाने वाला मनुष्य पुण्य का उपार्जन करके जीवन मे लक्ष्य प्राप्त करके संसारी दुखों से मुक्ति प्राप्त कर लेगा। आयोजित धर्मसभा में अहिंसा भवन के मुख्य मार्गदर्शक अशोक पोखरना अध्यक्ष लक्ष्मणसिंह बाबेल जसवंत सिंह डागलिया मंत्री दिनेश मेहता जितेश चपलोत लक्ष्मण सिंह पोखरना आदि पदाधिकारियों साथ चंदनबाला महिला मंडल की सदस्योंओ की उपस्थिति रही। प्रवक्ता सुनिल चपलोत ने जानकारी देते हुए बताया रविवार को प्रातः 8:30 बजें माणिक्य नगर में अहिंसा फामेर्सी पर साध्वीवृंद के सानिध्य मे सामूहिक जाप कार्यक्रम रखा गया है।

# अन्तर्मना आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन 29 जून से

## अगर आप को खुश देखकर, वो भी खुश दिखाई दे.. तो समझ लेना सामने आइना है, इंसान नहीं..



**शाबाश इंडिया**। आज का आदमी अपने बच्चों को तो कम पालता है, अपनी इच्छाओं को ज्यादा पालता है। हम बच्चों से ज्यादा इच्छाओं को पालते हैं। हम बच्चों को नहीं, बच्चों के रूप में अपनी इच्छाओं को पालते हैं। बेटे का जन्म हुआ नहीं कि माँ बाप के सपने शुरू हो जाते हैं। बच्चा एक पैदा होता है, माँ बाप के सपने हजार पैदा हो जाते हैं, कि बेटा को ये बनाएंगे, कि बेटे को वो बनाएंगे। मतलब साफ है, बंदूक तो हमारी होगी और कंधा बेटे का होगा। बच्चे को जबरदस्ती डॉक्टर बनाएंगे, भले ही उसकी रूचि डॉक्टर बनने की ना हो, वह भले ही इंजीनियर बनना चाहता हो। लेक्चरार बनना चाहता हो, पायलट बनना चाहता हो, संत बनना चाहता हो, मगर नहीं हम उसको डॉक्टर बनाएंगे। अपनी इच्छाएं और अभीप्साएं, जबरदस्ती बच्चों पर थोपते हैं, लाद देते हैं। अब क्या होगा, वह ना तो काबिल डॉक्टर बन पाएगा और ना ही इंजीनियर, ना तो इधर का रहेगा ना उधर का रहेगा। वह सारी जिंदगी अधर में रहेगा। आप उसे डाक्टर, इन्जीनियर, सी.ए -- ये सब बाद में बनायें, पहले उसे नेक इंसान बनायें। **-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**






# मरीजों को स्वच्छ हवा मिले, सघन वृक्षारोपण की ली जिम्मेदारी



**मनीष पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला एवम युवा महिला संभाग अजमेर द्वारा राजकीय जनाना हॉस्पिटल में 6 से 7 फिट लंबाई के नीम के पौधे रोपते हुए इस क्षेत्र में मरीजों को स्वच्छ हवा मिलने हेतु सघन वृक्षारोपण करवाने की जिम्मेदारी ली। कार्यक्रम संयोजक श्री दिगंबर जैन महासमिति अजमेर के अध्यक्ष अतुल पाटनी ने बताया कि महिला संभाग की राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष मधु पाटनी के नेतृत्व में एवम राजकीय जनाना हॉस्पिटल के ए ए ओ सुनील शर्मा के मुख्य आथित्य में एवम डॉक्टर सुनील शर्मा,डॉक्टर आर सी यादव,डॉक्टर दीपाली जैन,डॉक्टर धर्मेंद्र फतेहपुरिया,स्टाफ सुवानी देवगन व सुनीता नैयर के द्वारा पौधे रोपने का कार्य किया गया। इस अवसर पर युवा महिला संभाग अध्यक्ष सोनिका भैंसा, मंत्री सरला लुहाड़िया, भावना बाकलीवाल, सरला झांझरी, इंद्रा शाह,प्रीति गदिया, विभा बड़जात्या,निधि अजमेरा,गजेंद्र पांड्या, डी एफ ओ गंगासिंह राठौड़ आदि मोजूद रहे।

# विमलनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक धुलियान में मनाया गया



**धुलियान मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल. शाबाश इंडिया।** आषाढ कृष्ण अष्टमी के दिन तेरह वे तीर्थंकर तीनलोक के नाथ विमलनाथ भगवान का मोक्षकल्याणक निर्वाण लड्डु हर्षोल्लास के साथ चढ़ाया गया। **-संजय बड़जात्या**







# श्री विमलनाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण महोत्सव मनाया



प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया

भीलवाड़ा। बापू नगर स्थित श्री पदम प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में अष्टमी के पावन दिवस पर श्री विमलनाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण महोत्सव उत्साह पूर्वक मनाया गया। प्रकाश पाटनी ने बताया कि प्रातः बड़े बाबा मूल नायक श्रीपदमप्रभु भगवान पर महामस्तकाभिषेक कर बारी-बारी से श्रावकों ने सभी प्रतिमाओं पर अभिषेक कर राकेश जैन एवं रोडमल गंगवाल परिवार ने पदम प्रभु भगवान, मनीष अग्रवाल परिवार ने आदिनाथ भगवान, चांदमल जैन ने मुनिसुव्रतनाथ भगवान पर शांतिधारा की। अन्य प्रतिमाओं पर भी शांतिधारा की गई। इस उपरांत निर्वाण कांड का पाठ कर भक्ति- भाव से श्रावक- श्राविकाओं ने सामूहिक रूप से श्री विमलनाथ भगवान का मोक्ष निर्वाण लाडू चढ़ाया। महिलाएं बधाई गीत के साथ नृत्य किया। श्रावक- श्राविकाओ ने श्री विमल नाथ भगवान की पूजा- अर्चना कर अर्ग समर्पण किये। इस अवसर पर कई धमार्लुगण उपस्थित थे। सायंकालः जिनेंद्रदेव की आरती कर 48 दीपों से भक्तांबर की महाआरती की गई।

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री ने वृक्षारोपण किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फैडरेशन के आह्वान पर आज 29 जुन को दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री ने सुबह 8.00बजे महारानी गायत्री देवी पार्क में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया। रितेश रीना जैन ने बताया कि सभी ग्रुप के सदस्यों ने आम, नीम, बढ़, अशोकनगर पिंपल, कई छायादार वृक्ष का रोपण किया। इस कार्यक्रम के संयोजक रमेश संगीता सोगांणी ने बताया कि मैत्री ग्रुप ने सभी सदस्यों को एक-एक पौधा घर पर लगाने के लिए उपहार स्वरूप दिया और सभी ने एक सन्देश भी दिया ''पेड़ लगाएं, गर्मी भगायें पृथ्वी को बचाएं''


गौ माता सेवार्थ ग्रुप, दुर्गापुरा गौशाला, जयपुर द्वारा

रक्तदान जीवन दान

रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार 30 जून 2024
प्रातः 8 से 2 बजे तक

स्थान : दुर्गापुरा गौशाला, टोंक रोड, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

सम्पर्क सूत्र
अशोक जैन 9314186966
गोपी अग्रवाल, भीमराज कांकरवाल

संयोजक
कमल अग्रवाल, सतीश गोयल, हनुमान सोनी, राकेश गोदिका, दिनेश अग्रवाल, नीरज बंसल, कैलाश खंडेलवाल, कुशल अग्रवाल, मनोज सर्राफ, पुष्पेन्द्र अग्रवाल, राजकुमार रोहिल्ला, राकेश गट्टानी, लक्ष्मीकांत जी, शैलेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र अग्रवाल, राहुल जैन

निवेदक : राकेश-समता गोदिका, अध्यक्षः सोशल एंड ब्लड एड सोसायटी

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

## रोटेरियन एस एल विधानी हुए गोल्ड मेडल से सम्मानित



जयपुर. शाबाश इंडिया। रोटरी इंटरनेशनल के प्रांत 3056 के सह प्रांत पाल के पद सत्र 2023 - 24 में विशिष्ट सेवा प्रदेत करने पर रोटेरियन सुंदरलाल विधानी को प्रांत के वार्षिक आभार सम्मेलन समारोह में गोल्ड मेडल का पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रांत पाल रोटेरियल निर्मल कुमावत मेंटर व पी डी जी अशोक गुप्ता ने माला,साफा, व प्रतीक चिन्ह भेट कर विधानी को उनके द्वारा दी गई सेवाओं के लिए सम्मानित किया।




30 जून' 24

मोबाइल: 8104897860



परम गो भक्त मृदुभाषी

**श्री राहुल जैन**

को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई


शुभकामनाओं सहित

**समस्त मित्रगण एवं परिवार जन**




30 जून' 24

मोबाइल: 98290 67789



परम गो भक्त मृदुभाषी

**श्री सुभाष जी-श्रीमती मधु जी अग्रवाल**

को 36वी वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई

शुभकामनाओं सहित

**समस्त मित्रगण एवं परिवार जन**

## गौ माता सेवार्थ ग्रुप द्वारा रक्तदान शिविर आज रविवार को

### ''क्यों न खुद की एक पहचान बनाएं, रक्तदान करें और कराएं''




जयपुर. शाबाश इंडिया। राजस्थान गौ सेवा संघ , प्रधान कार्यालय, दुर्गापुरा गौशाला, जयपुर परिसर में रविवार दिनांक 30 जून 2024 को प्रातः 8:00 बजे से 2:00 बजे तक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। पवन कुमार जैन अध्यक्ष : राजस्थान गौ सेवा संघ, दुर्गापुरा जयपुर ने बताया कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप गौ सेवा व मानव सेवा एक ही सिक्के के दो पहलू है एवं रक्तदान मानव सेवा में महादान के रूप में दर्शित होता है। सोशल एंड ब्लड एड सोसायटी जयपुर के अध्यक्ष राकेश गोदिका ने बताया कि अशोक जैन, गोपी अग्रवाल तथा भीमराज काकरवाल के नेतृत्व में गौ माता सेवार्थ ग्रुप के कर्मठ, धार्मिक, नित्य गौ सेवा में लगे हुए प्रतिष्ठित सदस्यों द्वारा इस दूसरे रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। आप सभी से नम्र निवेदन है कि आप अपने सभी युवा परिचितों से आग्रह करें कि वह मानव सेवा के, इस रक्त दान के पुण्य कार्य में सम्मिलित होकर रक्तदान करें एवं साथ ही आप स्वयं भी इस कार्यक्रम में पधार कर रक्तदान करने वाले महानुभावों का उत्साहवर्धन करने की कृपा कर अनुग्रहित करें।


### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# राजेंद्र जैन राजा द्वारा लिखित 'मेरी तहरीर' म्यूजिक एल्बम का हुआ विमोचन

## गजलो को रवि भट्ट ,समता जैन गोदिका एवं पुनीत अग्रवाल ने अपनी दिलकश आवाज से सजाया

## एल्बम का संगीत संयोजन पंडित रविशंकर भट्ट तैलंग व कुणाल शर्मा ने किया





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आज राजेंद्र जैन राजा द्वारा लिखित ₹मेरी तहरीर₹ म्यूजिक एल्बम का विमोचन प्रसिद्ध गायक डॉ गौरव जैन सोगानी के कर कमलों से उनके 65 वें जन्म दिवस के अवसर पर किया गया। म्यूजिक एल्बम का संगीत संयोजन पंडित रविशंकर भट्ट तैलंग व कुणाल शर्मा ने किया है ।इस एलबम में राजेंद्र जैन राजा द्वारा लिखित पांच बड़ी खूबसूरत रूहानी गजलो को रवि भट्ट ,समता जैन गोदिका एवं पुनीत अग्रवाल ने अपनी दिलकश आवाज से सजाया है।गजलों के शौकीन और कदरदानों को यह गजलें एक अलग ही सुकून का एहसास कराएंगी।इस एल्बम का आगाज रवि भट्ट और समता जैन की जोड़ी ने एलबम की सबसे खूबसूरत रूहानी गजल ''तेरा तसब्बुर चांद सा लगे'' को लफ्जों में पिरोकर किया है ।रवि भट्ट की मधुर आवाज में 'दर्द पहलू में ना हो तो कलम कहां चलती है' समता जैन और पुनीत अग्रवाल ने 'दिल ए नादा क्यूं किसी का इंतजार करता है',एक और गजल समता जैन की आवाज में 'जुनूने इश्क को अब क्या आयाम दूं' और 'चंद कदम और चल तू' में पुनीत अग्रवाल ने अपनी मखमली आवाज से जादू बिखरा है सभी गायको ने राजेंद्र जैन राजा द्वारा लिखित गजलों को बड़ी शिद्दत और दिल की गहराइयों के साथ पेश किया है। प्राचार्य कमलजीत यादव, प्रसिद्ध गायक डॉक्टर गौरव जैन और उपस्थित अन्य सभी लोगों ने राजेंद्र जैन राजा को उनके 65 जन्मदिवस की बधाई दी और उनके इस अनूठे गजल एल्बम ₹मेरी तहरीर₹के विमोचन पर पर शुभकामनाएं दी।

# नेट-थियेट पर सुफी गायन ने समां बांधा

## प्रीत की मन मा बढ़ती है शीतल अगन, मेरे अरबी सजन, मेरे अर्जी सजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** नेट-थियेट के कार्यक्रमों की श्रृंखला में उभरते युवा कलाकार साहिल और सोहेल ने अमीर खुसरो की छाप तिलक सब छीनी रे मोसे नैना मिलाकर सुनाई और माहौल को सुफियाना बनाया। नेट-थियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि साहिल और सोहेल ने कार्यक्रम में शायर असद अजमेरी का सुप्रसिद्ध सूफियाना कलाम मन मा लागी है, जा दिल से तोरी लगन, प्रीत की मन में बढ़ती है शीतल अगन, मेरे अरबी सजन,मेरे अरबी सजन को बड़े ही फकीराना अंदाज में गाकर अपनी गायकी का परिचय दिया और दर्शकों की दाद बटोरी। अंत में सुप्रसिद्ध कलाम दमा दम मस्त कलंदर अलीशा पहला नंबर गाकर माहौल को रूमानियत से भर दिया। इनके साथ तबले पर मोहम्मद कायम, कीबोर्ड पर जाफर हुसैन और ढोलक पर रहमान वारसी की शानदार संगत से कलाम ए सुफियाना कार्यक्रम को उंचाईयां दी। कैमरा मनोज स्वामी, प्रकाश अंकित शर्मा नोनू, मंच सज्जा घृति शर्मा और जीवितेष शर्मा का तथा संगीत विनोद सागर गढ़वाल का रहा।

# संगिनी जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ ने FMरेडियो सिटी Hang out कार्यक्रम में की भागीदारी



**जयपुर।** संगिनी जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के 50 सदस्यों में FMरेडियो सिटी Hang out द्वारा दिनांक 29 जून 2024 को आयोजित प्रोग्राम में होटल ग्रैंड उनियारा मेअपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में किरण झंझरी अध्यक्ष, विजया काला सचिव, नूपुर जैन संयुक्त सचिव उपस्थित थे कार्यक्रम का संयोजन रुचिका जैन द्वारा किया गया। आकर्षक गेम में राखी जैन, हिमानी बिलाला, शीला जैन, प्राची जैन, नूपुर जैन, प्रिया, पूजा जैन विजेता रहे।

# बैराठी पार्क में किया पौधरोपण, पीपल और बड़ के 200 वृहत पौधे लगाए




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** लघु उद्योग भारती, विश्वकर्मा इकाई एवं बैराठी फाउण्डेशन, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र रोड नं. 16 स्थित बैराठी शू कंपनी के सामने पार्क में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. सौरभ बैराठी ने बताया कि सुबह 11 बजे लघु उद्योग भारती के केन्द्रीय संगठन महामंत्री प्रकाश जी के सान्निध्य में आयोजित इस पौधरोपण कार्यक्रम में पीपल और बड़ के बड़े पौधे लगाए गए। इस अवसर पर लघु उद्योग भारती की सुनीता शर्मा, सुधीर गाडिया, भानु पोद्दार, महेंद्र मिश्रा, सुशील काबरा, फुटवियर एसोसिएशन के शिखर बैराठी, जितेन्द्र चुग, फिक्की के अरुण अग्रवाल, मंडा के सोम प्रकाश गर्ग और वीकेआईए के जगदीश सोमानी और बैराठी शू के चेयरमैन कैलाश बैराठी सहित लगभग सौ उद्यमी उपस्थित रहे। सेवा कार्यों में सदैव अग्रणी रहता बैराठी फाउंडेशन डॉ. बैराठी ने बताया कि बैराठी फाउंडेशन समाज सेवा के कार्यों में सदैव अग्रसर रहता है। पूर्व में फाउंडेशन ने वीकेआई औद्योगिक क्षेत्र और मंडा में 12 हजार पेड़ और लगभग पाँच हजार पौधे लगाए और उनके रख-रखाव का दायित्व भी निर्वहन कर रहे हैं। सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में किचन, कोरोना काल के दौरान कोरोना सेंटर्स के लिए ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर, बेड, इत्यादि उपलब्ध करवाए गए और जयपुर पुलिस को संक्रमण से बचाने के लिए 10 हजार एन-95 मास्कों का निशुल्क वितरण किया गया। इतना ही नहीं आमजन के लिए भी निशुल्क मास्क, सेनेटाइजर, पीपीई किट और होम्योपैथिक दवाइयों का वितरण किया गया। बारां के जिला अस्पताल में आईसीयू बेड की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। फाउंडेशन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री सहायता कोष में भी समय-समय पर आर्थिक सहयोग देता रहता है। विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र रोड नं. 17 में पुलिस चौकी का निर्माण, एसडीएम कार्यालय चौमूं में बगीचे का निर्माण, वृत्ताधिकारी गोविंदगढ़ कार्यालय में विश्राम गृह का निर्माण, हिंगोनिया गौशाला में गौवंश के लिए आर्थिक सहयोग, सिरोही सरकारी स्कूल में 1500 छात्रों को शू, आदि ऐसे समाज सेवा के कार्य हैं जो समय-समय पर फाउंडेशन द्वारा किए जाते रहे हैं। इन्हीं कार्यों के लिए फाउंडेशन को अमरीका राष्ट्रपति श्री बिल क्लिंटन द्वारा सम्मानित भी किया गया है।

# आचार्य शशांक सागर जी के सानिध्य में जनकपुरी में पहली बार हुई रजत दीप से भक्तामर मण्डल दीप अर्चना



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी - ज्योतिनगर जयपुर जैन मंदिर में शुक्रवार को आचार्य श्री 108 शशांक सागर जी व संघस्थ मुनि श्री 108 संदेश सागर जी के पावन सानिध्य में 48 रजत दीपक से मंडल पर भक्तामर अर्चना का आयोजन हुआ। मन्दिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि प्रातः नित्य अभिषेक के बाद आचार्य श्री द्वारा उच्चारित विश्व शांति हेतु ऋद्धि मन्त्रों युक्त शान्तिधारा करने का सौभाग्य सुनील अलका साक्ष्य सेठी परिवार को मिला। राजा बाबू सेठी मालपुरा वालों द्वारा भगवान के समक्ष दीप ज्योति प्रज्वलित के बाद भक्तामर पाठ के एक एक श्लोक व ऋद्धि मन्त्र उच्चारण के साथ दीप प्रज्वलम करोमि बोलते हुए उपस्थित समाज श्रेष्ठियों द्वारा क्रम से मण्डल पर रजत दीपसमर्पित किये गये। भक्तामर महिमा के बाद आचार्य श्री ने आशीर्वाद स्वरूप कहा कि उपार्जित धन का सदकार्यों में उपयोग करने का अवसर पुण्य शाली जीव को ही मिलता है और यह रजत दीप अर्चना उसी का उदाहरण है। कार्यक्रम पंच परमेष्टि की व मूलनायक नेमिनाथ भगवान की आरती के साथ संपन्न हुआ।

# आदिश्वर धाम में हुआ बड़े बाबा आदिनाथ का विधान

## बड़े बाबा की भक्ति में झूम उठे श्रद्धालु



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर के पास आदिश्वर धाम चाकसू में कुंडलपुर वाले बड़े बाबा आदिनाथ भगवान का संगीतमय मण्डल विधान पूजन शनिवार को जोरदार भक्ति भाव के साथ हुआ। पदम जैन बिलाला ने बताया कि प्रातः मूलनायक आदिनाथ के अभिषेक के बाद भगवान आदि नाथ की धातु की प्रतिमा को विधि विधान पूर्वक लाकर मण्डल पर पाण्डुशीला पर विराजित किया गया जहां मन्त्रोंचार व शुद्धीकरण के बाद चतुष्कोनों में स्थापित रजत कलशों से अभिषेक किये गये ।जिसके बाद राजा बाबू सुनील सेठी मालपुरा वाले जनकपुरी निवासी परिवार द्वारा ऋद्धि मंत्रों युक्त विश्व शांति हेतु शांति धारा की गई ।विधानाचार्य के सानिध्य में मण्डल पर सुनील अलका साक्ष्य सेठी द्वारा मुख्य कलश व दीप प्रज्वलन तथा नित्य पूजन के बाद विधान पूजन प्रारंभ हुई । उल्लेखनीय है कि सुनील सेठी 36 वर्ष की बेदाग राजकीय सेवा से उच्च अधिकारी के पद से कल ही सेवा निवृत्त हुए है ।सर्व प्रथम शांति धारा कर्ता सेठी परिवार द्वारा तथा बाद में उपस्थित श्रद्धालुओं द्वारा मण्डल पर एक एक वलय में भक्ति करते हुए श्रीफल व अर्घ्य समर्पित किए ।महिलाओं द्वारा एक सी गोल्डन साड़ी में तथा पुरुष वर्ग द्वारा केसरिया वस्त्रों में भक्ति का दृश्य मन भावन लग रहा था ।विधान में जनकपुरी मन्दिर प्रबंध समिति , महिला मंडल , संगिनी फॉरएवर , के सदस्यों के अलावा जयपुर , मालपुरा , टोंक , चाकसू , आदि स्थानों से पधारे श्रद्धालुओं की सहभागिता रही ।धाम के व्यवस्थापक नवल जैन तथा शांति धारा कर्ता परिवार का सभी द्वारा सुंदर व्यवस्थाओं के लिए अभिनन्दन किया गया ।भक्ति युक्त संगीतमय विधान नरेंद्र जैन एण्ड पार्टी द्वारा कराया गया । कार्यक्रम का समापन आदिनाथ की आरती के साथ हुआ ।